卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 186 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦13 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

## देश की संसद रचेगी नया इतिहास: मोदी

### प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संसद का विशेष सत्र आमंत्रित किया है। इस महत्वपूर्ण पहल से पूर्व सोमवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला शक्ति की सराहना करते हुए इसे 21वीं सदी का सबसे ऐतिहासिक निर्णय करार दिया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि 16, 17 और 18 अप्रैल का समय राज्यों की विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों के इंतजार को समाप्त करने का कालखंड है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की संसद एक ऐसा नया इतिहास रचने के करीब है जो अतीत की





संकल्पनाओं को साकार करते हुए समतामूलक भारत के भविष्य को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में नई संसद (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कांग्रेस ने उठाये दस सवाल

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे से ठीक पहले प्रदेश कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राज्य की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री और राज्य सरकार से 10 सवाल पूछे। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री को उत्तराखंड की धरती पर कदम रखने से पहले यहां की जनता को इन सवालों के जवाब देने चाहिए। गणेश गोदियाल ने कानून व्यवस्था पर




गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तराखंड में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे प्रदेशों के अपराधी उत्तराखंड को सुरक्षित शरणस्थली मान रहे हैं और सत्ता पक्ष के लोग उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं अब आम हो गई हैं, जिससे देवभूमि की शांति भंग हो रही है। प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि यहां की कानून व्यवस्था इतनी बदहाल क्यों हो चुकी है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर गोदियाल ने सरकार को आड़े हाथों लेते (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्वच्छता को लेकर सीएम ने दिया जागरूकता का संदेश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बल्लूपुर चौक में नगर निगम, देहरादून द्वारा आयोजित "स्वेच्छा से स्वच्छता" कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रदेशवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लेते हुए जनसामान्य को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।नगर निगम, देहरादून द्वारा 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक चलाए गए इस विशेष सफाई अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा



कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। जब तक प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा से इस दिशा में योगदान नहीं देगा, तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। हमें अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी स्वयं निभानी होगी।मुख्यमंत्री ने नगर निगम, देहरादून के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता निरंतर बनी रहे।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, खजान दास, राज्य सभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, विधायक श्रीमती सविता कपूर, महामंत्री संगठन अजेय कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे

## लाखों की स्मैक के साथ सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक सुरक्षा गार्ड को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने नशीले पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक मनोज जलाल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। परशुराम चौक पर एएनटीएफ में नियुक्त हेड कांस्टेबल भुवन चन्द्र पाण्डे और कांस्टेबल विनोद खत्री भी पुलिस टीम के साथ शामिल हो गए। संयुक्त टीम सिडकुल ढाल रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी कैंप ढाल की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक काली पॉलिथीन में 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र भीकम लाल मौर्या निवासी ग्राम कैमुआ, थाना भमौरा, बरेली बताया।अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह मंगला ट्यूब कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है और कंपनी से खाना लेने (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिंह कालोनी क्षेत्र में ट्रेन की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस के साथ ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने बाद शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखे ने तक मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि सोमवार प्रातः करीब 10 बजे लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति भूरारानी क्षेत्र में रेल पटरी पर चलता जा रहा था। इसी दौरान काठगोदाम की ओर से दिल्ली जा रही




सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई। जिससे वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गया। आस पास घूमते लोगों ने जब यह नजारा देखा तो वहां भीड़ लग गई। दुर्घटना होते ही ट्रेन चालक ने ट्रेन रोक दी और गार्ड ने नीचे उतरकर आकर देखा तो वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था। उसने तुरंत जीआरपी रुद्रपुर सिटी स्टेशन को जानकारी दी। जिसके बाद जीआरपी के उप निरीक्षक संतोष सिंह मीणा सहित आदर्श कालोनी चौकी पुलिसकर्मी व समाजसेवी सुशील गाबा आदि लोग मौके पर आ पहुंचे। उन्होंने शव को रेल पटरी से हटाया क्योंकि इसी दौरान एक अन्य ट्रेन के (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

### सुसाइड से पहले दोस्त को भेजा मोबाइल पिन,एमबीपीजी कॉलेज की छात्रा थी मृतका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के काठगोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदमारी इलाके में एक 24 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले युवती ने अपने एक मित्र को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपने मोबाइल फोन का पिन कोड बताया था, जिससे मामला रहस्यमय हो गया है। पुलिस ने युवती का मोबाइल कब्जे में



लेकर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदमारी निवासी दिव्या आर्या अपनी मां और तीन बहनों के साथ रहती थी। दिव्या परिवार की सबसे बड़ी बेटी थी और एमबीजी कॉलेज में ग्रेजुएशन फाइनल ईयर की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि उसके पिता का बीमारी के चलते करीब एक वर्ष पहले निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां पर आ गई थी। मां घरों में काम करके अपनी चारों बेटियों का पालन पोषण कर रही हैं। रविवार रात दिव्या ने परिवार के साथ सामान्य रूप से खाना खाया और फिर अपने कमरे में चली गई। इसी दौरान उसने अपने एक दोस्त को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा और उसमें अपने मोबाइल फोन का पिन कोड साझा(शेष पृष्ठ सात पर)

## बीस हजार लोगों के मानवाधिकार हनन मामले में आयोग सख्त

### काशीपुर प्रकरण पर डीएम और एसएसपी को चार सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने के आदेश

काशीपुर। बहुचर्चित आई लव मौहम्मद मार्च प्रकरण के बाद काशीपुर के अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र में 20 हजार लोगों के अवैध उत्पीड़न एवं मानवाधिकार हनन तथा मूल अधिकार हनन की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्यवाही के आदेश दिये हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत की प्रति उधमसिंह नगर जिले के डी.एम. व एस.एस.पी. को भेजकर इस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा कार्यवाही की रिपोर्ट 4 सप्ताह के भीतर आयोग को प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता व समाजसेवी नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र के मानवाधिकार हनन, अवैध उत्पीड़न व मूल अधिकार हनन की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी। इस पर कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री नदीम को मैसेज व ई.मेल द्वारा सूचित किया गया है तथा डी.एम. व एस.एस.पी. को भेजे मेल की प्रति उपलब्ध करायी गयी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के डिप्टी रजिस्ट्रार (लॉ) स्पर्श बग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर को भेजे मेल दिनांक 09-04-2026 के अनुसार शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट किया है कि "आई लव मौहम्मद" पोस्टरों के साथ बच्चों के मार्च को गलत तरीके से एक पुलिस हमले की घटना से जोड़ कर अल्लीखान, थाना सबिक क्षेत्र, काशीपुर (उत्तराखंड) के 20,000 निवासियों को गैरकानूनी रूप से घरों में नजरबंद कर दिया गया है। निर्दोष बच्चों, दुकानदारों और राहगीरों को अवैध रूप से हिरासत में लिया जा रहा है, पीटा जा रहा है और उन्हें कानूनी सहायता से वंचित किया जा रहा है, जबकि उनके परिजनों को भी उठाया जा रहा है। एक अघोषित कर्फ्यू, पुलिस उत्पीड़न और नगर निगम द्वारा की जा रही तोड़फोड़ ने स्थिति को अमानवीय बना दिया है। श्री नदीम ने 26 सितम्बर 2025 को दर्ज शिकायत में अवगत कराया था कि बासंफोड़ान पुलिस चौकी के पास हुई तथाकथित शर्मनाक घटना के वीडियो वायरल होने के बाद रात 11 बजे से अल्लीखां व थाना साबिक क्षेत्र को बंद करा दिया गया तथा यहां की लगभग 20 हजार जनता को घरों में बंदी जैसा बना दिया गया तथा यह सिलसिला शिकायत की तिथि तक जारी था। रात 11 बजे से ही एक राजनैतिक दल के पोस्टर व फ्लैक्सी में लगे (शेष पृष्ठ सात पर)

## उधार के रुपये मांगने पर दुकानदार को बेरहमी से पीटा

रामनगर (उद संवाददाता)। शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और वे सरेआम वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैला रहे हैं। ताजा मामला रविवार की देर रात भवानीगंज क्षेत्र से सामने आया है, जहां उधार के पैसे मांगने पर एक दर्जन से अधिक युवकों ने एक दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की। हमले की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।मोनू पाल ने बताया कि भवानीगंज केला गोदाम के समीप उसकी पाल बेकरी के नाम से दुकान है। उसने कुछ दिन पूर्व एक युवक को पेटीज बेचने के लिए ठेला और सामान दिया था, लेकिन युवक ने कई दिन बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया। आरोप है कि जब उसने अपने उधार के पैसे मांगे तो युवक गाली गलौज करने लगा। रविवार रात मोनू अपनी दुकान पर अकेला था, तभी आरोपियों ने साथियों के साथ दुकान में घुसकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पीड़ित ने आरोपियों से अपनी जान माल का खतरा जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्य न्यायाधीश और मुख्यमंत्री ने न्याय मित्र पोर्टल का किया शुभारंभ

## न्याय तक पहुंच को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न






देहरादून। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा देहरादून में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का भव्य समापन हुआ। इस वर्ष सम्मेलन का विषय इनहेंसिंग एक्सेस टू जस्टिस तथा मुख्य थीम जस्टिस बियॉंड बैरियर्स राईट रिहेबिलेशन एण्ड रिफॉर्म फॉर द मोस्ट वालनेरेबल रही। इस सम्मेलन के समापन के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), माननीय भारत के मुख्य न्यायाधीश एवं नालसा के संरक्षक-प्रधान न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल सहित उच्चतम न्यायालय एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्तिगण, उत्तर भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों से पधारे माननीय न्यायमूर्तिगण और विधि विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री मनोज कुमार गुप्ता द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।सम्मेलन में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष, सचिव एवं न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से न्याय तक पहुँच को सशक्त बनाने, वंचित वर्गों के अधिकारों के संरक्षण तथा न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।सम्मेलन के दौरान वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन, जेल सुधार, विचाराधीन बंदियों के अधिकार, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास एवं महिलाओं व बच्चों के विधिक अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर माननीय भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा "न्याय मित्र पोर्टल" का शुभारंभ किया गया, जिससे आमजन ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर त्वरित न्याय प्राप्त कर सकेंगे। नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री विक्रम नाथ द्वारा ई-बुकलेट का विमोचन भी किया गया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि न्याय व्यवस्था की वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होती है, जब न्याय समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने "जस्टिस बियॉन्ड बैरियर्स" की अवधारणा को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ उससे जुड़ी सभी बाधाओं को दूर करना आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने सम्मेलन के विषय को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आदिवासी समुदायों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा कारागार सुधार जैसे विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श समय की आवश्यकता है। उन्होंने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना, लीगल सर्विस क्लीनिक, स्पृहा, जागृति एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल समाज के वंचित वर्गों तक न्याय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ई-कोर्ट्स, नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड, फास्ट ट्रैक कोर्ट्स और डिजिटल केस मैनेजमेंट जैसे सुधारों से न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी डिजिटल कोर्ट्स, ई-फाइलिंग, वर्चुअल हियरिंग तथा समान नागरिक संहिता लागू कर न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन से प्राप्त सुझाव प्रदेश एवं देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न




पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर की 58वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 9 से 11अप्रैल, 2026 तक विश्व विद्यालय के स्टीवेन्सन स्टेडियम में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात् विश्वविद्यालय ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट में प्रतिभागी छात्रावासों के दलों से सलामी ली। मार्च पास्ट में पंतनगर शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने बैण्ड दल द्वारा नेतृत्व किया गया तथा उनके पीछे एनसीसी कैडेट्स एवं विभिन्न छात्रावासो की टीमें ने मार्च पास्ट किया। विश्वविद्यालय के छात्र अली रहमान एवं अनुप्रिया आर्या ने समस्त प्रतिभागियों को खेल नियमों के साथ प्रतिभाग करने की शपथ दिलायी। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा कर खेलों के प्रतीक मशाल को प्रज्वलित कर छात्र अली रहमान एवं अनुप्रिया आर्या को मशाल प्रदर्शित करने हेतु थमाई। कुलपति ने आयोजकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान कर खेल-कूद प्रतियोगिता की सोविनियर का विमोचन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मार्च पास्ट में महिला वर्ग में सरस्वती भवन को प्रथम, अम्बेडकर भवन को द्वितीय, गंगोत्री भवन एवं सुभाष भवन को तृतीय तथा पुरुष वर्ग में शिवालिक भवन को प्रथम, चितरंजन भवन को द्वितीय, पंत भवन को तृतीय घोषित किया गया तथा नये छात्रावास आचार्य भवन एवं जनरल विपिन रावत छात्रावास को भी उत्तम मार्च पास्ट के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया, मार्च पास्ट निर्णायक एन.सी.सी. एयरविंग के अधिकारी थे।तीन- दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 23 छात्रावासों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की 18 प्रतिस्पर्धाओं में 193 एवं महिला वर्ग की 13 स्पर्धाओं में 139 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में एस.जे. भवन ने 50 अंक अर्जित कर टीम चौम्पियनशिप एवं वी.एस. भवन ने 27 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में मंदाकिनी भवन ने 37 अंक अर्जित टीम चौम्पियनशिप एवं सरस्वती भवन ने 35 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में कु. ज्योति एवं कु. प्रेरना तथा पुरूष वर्ग में विशाल राज एवं विशाल तोमर सर्वोत्तम एथलीट रहे। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा समस्त प्रतिभागियों, आयोजको एवं संचालको का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ प्रेरित किया तथा अपने आर्शीवचनों से अभिसिंचित किया। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान एवं कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनन्द सिंह जीना द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, कुल सचिव, डा. दीपा विनय, समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशकों सहित उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत किया तत्पश्चात् एथलेटिक्स के स्टाफ काउंसलर डा. ए.पी. सिंह द्वारा उक्त प्रतियोगिता की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।एथलेटिक मीट के आयोजक सचिव डा. जी.एस. बोहरा द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव डा. दीपा विनय, समस्त अधिष्ठाताओं, निदेशकों तथा विभिन्न संचालन मण्डल के सभी सदस्यों तथा क्रीड़ा स्टाफ काउन्सलरों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में 58वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.आनन्द सिंह जीना के मार्गदर्शन में प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. एच.एस. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी, डा. रीतिका भट्ट, डा. ए.पी. सिंह, स्टाफ स्पोर्ट्स के सदस्यों एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित किया गया।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मिले आरिफ

किच्छा (उद संवाददाता)।उत्तराखंड मंडी परिषद के पूर्व डायरेक्टर एवं युवा कांग्रेसी नेता आरिफ कुरैशी ने कांग्रेस की उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें संगठन से जुड़ी स्थानीय समस्याओं से विस्तार से अवगत कराया। भेंटवार्ता के दौरान आरिफ कुरैशी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों



को लेकर भी प्रदेश प्रभारी के साथ तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड आगमन पर प्रदेश प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।कांग्रेसी नेता आरिफ कुरैशी ने बताया कि वार्ता के दौरान उन्होंने प्रदेश प्रभारी को जानकारी दी कि कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठा रहे हैं और उनके समाधान का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता के चलते आम जनता लगातार कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़ रही है। आरिफ कुरैशी ने संगठन की मजबूती के लिए सुझाव देते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान को जमीनी स्तर पर दिन रात काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सहयोग करना चाहिए। इस मुलाकात के दौरान स्थानीय राजनीति और संगठन के भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी सकारात्मक विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने उनकी बातों और सुझावों को बेहद गंभीरता से सुना और संगठन के हित में जल्द उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया ।

# मेट्रोपोलिस सोसाइटी की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों का भव्य ॥शपथ ग्रहण समारोह॥ रविवार को सोसाइटी परिसर स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर विकास शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में विधायक शिव अरोरा और महापौर ने नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शंकर सिंह पटवाल, उपाध्यक्ष श्री पीयूष भाटिया, सचिव श्रीमती पूनम वर्मा और कोषाध्यक्ष श्री जीवन सिंह को पद की गरिमा बनाए रखने और निवासियों के हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। इनके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य श्री पंकज तिवारी, श्रीमती शशि श्रीवास्तव, श्रीमती नीशू पवार और श्री सज्जन चौधरी ने भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि किसी भी कॉलोनी या सोसाइटी के व्यवस्थित विकास के लिए एक सशक्त और ईमानदार कार्यकारिणी का होना अनिवार्य है। उन्होंने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि जन सेवा की भावना ही किसी भी संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सोसाइटी की समस्याओं के समाधान और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में वह अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।वहीं, महापौर विकास शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रोपोलिस एक महत्वपूर्ण सोसाइटी है। नई टीम से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वच्छता, सुरक्षा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने निवासियों से भी अपील की कि वे अपनी कार्यकारिणी का पूरा सहयोग करें ताकि सोसाइटी को आदर्श बनाया जा सके।शपथ ग्रहण के उपरांत सोसाइटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री शंकर सिंह पटवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए निवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ॥आज आपने जो विश्वास मुझ पर और मेरी टीम पर जताया है, हम उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हमारी प्राथमिकता सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, पार्कों का सुंदरीकरण और बिजली-पानी जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। हम किसी भी भेदभाव के बिना सभी निवासियों के साथ मिलकर काम करेंगे और मेट्रोपोलिस को एक परिवार की तरह आगे ले जाएंगे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मानेन्द्र सिंह कोश्यारी, पार्षद श्री बीनू और पार्षद संघ के प्रतिनिधि श्री राजेश जग्गा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नई टीम को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भारी संख्या में सोसाइटी के निवासी सपरिवार उपस्थित रहे

# चारधाम में यात्रियों की संख्या सीमित न करने के निर्णय का स्वागत

## तीर्थ पुरोहितों, होटल एवं ट्रैवल संगठनों ने मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार





देहरादून। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के चारों धामों में यात्रियों की संख्या सीमित न किए जाने के निर्णय पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, पुजारियों, हितधारकों, चार धाम होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों एवं विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों और हितधाकरकों ने मुख्यमंत्री को कपाट खुलने के अवसर पर आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए चार धाम यात्रा को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सभी मतूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी को सहभागी बनने की अपील की। चार धाम यात्रा से जुड़े संगठनों ने कहा कि सरकार का यह निर्णय प्रदेश की आस्था, अर्थव्यवस्था तथा पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, परिवहन क्षेत्र तथा अन्य संबंधित सेवाओं को भी व्यापक लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों और शीतकालीन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाईन पंजीकरण हमेशा खुला रखने का आग्रह किया। सभी प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार यात्रा व्यवस्थाओं को सुचारु, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाती रहेगी। उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं, सुविधाओं के विस्तार तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान भी मौजूद थे।इस दौरान उत्तराखण्ड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के अध्यक्ष पं. सुरेश सेमवाल, महासचिव बृजेश सती, ब्रह्मपाल तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति के अध्यक्ष उमेश सती, यमुनोत्री धाम मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल, उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, पुरूषोत्तम उनियाल, चारधाम होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता, सचिव निखिलेश सेमवाल, यमुना घाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबन सिह राणा, गौरव उनियाल, सन्दीप राणा, अध्यक्ष उत्तरकाशी होटल एसोसिएशन शैलेन्द्र मटूड़ा, अध्यक्ष केदार घाटी होटल एसोसिएशन धर्मेन्द्र नौटियाल, अध्यक्ष बद्रीनाथ धामहोटल एसोसिएशन शैलेश ध्यानी, प्रशान्त डिमरी, अशोक सेमवाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ज्ञान और शक्ति का संगम थे भगवान परशुराम: मिश्रा

रुद्रपुर। श्री मनकामेश्वर मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, उत्तराखंड द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया और समाज की एकता और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा सनातन धर्म आदि अनादि काल से चला आ रहा है। हमारे ऋषि मुनियों ने जो मार्ग दुनिया को दिखाया पूरी दुनिया उसी पर चल रही है ।कोई भी जाति धर्म पंथ सनातन धर्म से सही शिक्षा लेता है जो गणना हमारे वेद और पुराणों में आज से हजारों वर्ष पूर्व की गई है। आज विज्ञान भी वहां तक नहीं पहुंच पाया है। मिश्रा ने



कहा कि भगवान परशुराम शौर्य , शक्ति और साहस की प्रतिमूर्ति थे। भगवान परशुराम शस्त्र विद्या के ज्ञाता थे। उन्होंने भगवान शिव से युद्ध कला सीखी और भीष्म, द्रोणाचार्य जैसे महान योद्धाओं को धनुर्विद्या सिखाई। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को आठ चिरंजीवियों में से एक माना जाता है जो आज भी पृथ्वी पर विद्यमान है। वह तपस्वी, ज्ञानी और परम क्रोधी स्वभाव के थे जिन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ शक्ति का प्रयोग किया। भगवान परशुराम को ज्ञान और शक्ति का अद्भुत संगम माना जाता है।इस दौरान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, विकास मिश्रा, अनिल शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, विराट आर्य, बीडी शर्मा, साधना शर्मा, बीना तिवारी समेत ब्राह्मण समाज के तमाम लोग मौजूद थे।

# विधायक शिव ने किया नव प्रतिष्ठान का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने आज नव प्रतिष्ठान न्यू इमेज इंटरनेशनल ब्यूटी का फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। प्रतिष्ठान स्वामी बलजीत सिंह व बलविन्दर कौर ने बताया कि यहां पर प्रवेश करने वाले युवाओं को ब्यूटीशियन का दो वर्ष का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ताकि वह स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व युवाओं को यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था अब यह यहां पर ही उपलब्ध होगा।



इस मौके पर संजय जुनेजा, सुशील गाबा, संजय ठुकराल, मोहन खेड़ा, अमन ढिल्लो, दिलवरपाल सिंह, गुरजीत सिंह कोटिया, तजेन्दर सिंह बाजवा, संतोख सिंह रंधावा, सलपिन्दर सिंह कलसी, हरपाल सिंह, रामसिंह बेदी, मनजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, गौरव खुराना, सर्वजीत कौर, श्वेता शर्मा, कुलदीप कौर, हरमीत कौर, सिमरन कौर, कुलविन्दर कौर, अमनदीप कौर आदि मौजूद थे।

# वेतन वृद्धि में मजदूरों की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार: बोरा

रुद्रपुर।ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) की जिला काउंसिल की बैठक संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री के.के. बोरा ने कहा कि मजदूर वर्ग बड़ी उम्मीद के साथ केंद्र सरकार की ओर देख रहा था कि उनके



वेतन में बढ़ोत्तरी की जाएगी। लेकिन सरकार लगातार मजदूर वर्ग की उपेक्षा कर रही है। गैस संकट और बढ़ती महंगाई के बीच मजदूरों का गुस्सा फूट रहा है। सरकार उनकी मांगे मानने के बजाए दमन कर रही है। ऐक्टू इस दमनात्मक कार्यवाही का विरोध करती है। ऐक्टू की मांग है कि सरकार के वेतन नापने के फार्मूले के अनुसार न्यूनतम वेतन 42 हजार प्रतिमाह होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि सरकार हर 6 माह में बढ़ने वाले महंगाई भत्ते को रोके हुए है। यह महंगाई भत्ता जनवरी में लागू हो जाना चाहिए था। लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद वीडीए जारी नहीं किया गया है। यदि जल्दी जारी नहीं होता है तो ऐक्टू इस मामले को लेकर प्रदर्शन करेगा। जिला सचिव अनिता अन्ना ने कहा कि संगठन जल्द ही रुद्रपुर और सितारगंज में नगर सम्मलेन करेगा और मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स पर सरकार लगातार काम का बोझ बढ़ा रही है लेकिन उन्हें न्यूनतम वेतन तक नहीं दे रही है। सरकारी विभागों के तहत काम करने वाली स्कीम वर्कर्स चाहे वो आशा हो, आंगनबाड़ी हो या भोजनमाता, सभी सरकार द्वारा किए जा रहे शोषण से परेशान है। जिले भर में चल रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की मांगों मानते हुए सरकार को उनके वेतन में बढ़ोत्तरी करनी चाहिए। बैठक में ललित मटियाली, रीता कश्यप, मोहन बिष्ट, हीरा सिंह राठौर, रुदल प्रसाद, प्रकाश नेगी, उत्तम दास, धीरज कुमार आदि काउंसिल सदस्य उपस्थित थे।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817


# बैसाखी पर्व पर ग्रंथी बाबा गुरबचन सिंह को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न गुरु पर्वों को मनाने के साथ ही ग्राम मुकंदपुर डेरा के गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी पर्व धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पिछले लगभग दो दशक से गुरुद्वारा साहिब में सेवाएं दे रहे वृद्ध ग्रंथी बाबा गुरबचन सिंह को सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कथावाचक देवेंद्र सिंह ने बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला।कथावाचक ने धर्म रक्षा की खातिर गुरु गोविंद सिंह का साथ देने वाले पीर बुद्धू शाह उर्फ बदरुद्दीन के जन्मदिन तथा गुरु गोविंद सिंह के सुपुत्र बाबा जुझार सिंह के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन संघर्ष के बारे में बताया। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के सेवादारों द्वारा निशान साहिब के चोले की सेवा भी की गई। सर्वत्र सुख शांति की अरदास के साथ पूरे संसार की मंगल कामना की गई। इस शुभ अवसर पर रविंद्र सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलिया निवासी सुपुत्र विक्रमजीत सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरु ग्रंथ साहिब को रुमाला साहिब भेंट कर अरदास करवाई और प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर साहिब सिंह, कुलवंत सिंह, जस्सा सिंह, हरदीप सिंह, कुलदीप सिंह, सतनाम सिंह, बसंत सिंह, निर्मल सिंह, गुरबाज सिंह, सिमरन सिंह, करण सिंह, प्रीत सिंह, मनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, जयदीप सिंह, भगवंत सिंह, दविंदर सिंह, मनराज सिंह, जीवनदीप सिंह, शेर सिंह, गगन सिंह सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।



# जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने वर्ष 1919 में हुए जलियांवाला बाग के नृशंस हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने कहा कि इन शहीदों ने अपनी जान की बाजी लगाकर आजादी की लड़ाई को नया स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड ने 12 वर्ष के बालक भगत सिंह को शहीद भगत सिंह बनने की प्रेरणा दी जिनका संघर्ष क्रांतिकारी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।लोकतंत्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह इन शहीदों की ही देन है। शहीद भगत सिंह डिग्री कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा ने शहीदों की कुर्बानी को युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य एडवोकेट डीके शर्मा ने कहा कि कोई भी कुर्बानी बेकार नहीं जाती और उसका सुखद परिणाम राष्ट्र को मिलता है। बार काउंसिल के सदस्य और ऊधम सिंह नगर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने कहा कि इस नृशंस हत्याकांड का बदला शहीद ऊधम सिंह ने लिया था और हमें गर्व है कि हमारे जिले का नाम उनके नाम पर है।कार्यक्रम में अधिवक्ता सिद्धनाथ मिश्रा, कमला चिलाना, सुरभि आहूजा, नंदनंदन लाल, पलक गगनेजा, होमी कुरैशी, राहुल चिलाना, अजय यादव, लोकतंत्र सेनानी जेके बांबा, जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य नवीन चंदोला, एडवोकेट राजीव ग्रोवर और वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कुमार छाबड़ा समेत तमाम लोग मौजूद थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531







































# 'पिंक टॉयलेट' बंद होने से महिला यात्रियों की 'भारी फजीहत'

## मातृशक्ति की सुरक्षा एवं सम्मान के बड़े-बड़े जुमले देने वाले शासन प्रशासन की आंखें बंद

-अर्श-

रुद्रपुर। देश में एक और जहां महिलाओं को संसद एवं विधानसभा में 33% आरक्षण सुनिश्चित करने की गरज से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए आगामी 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड का प्रवेश द्वार माने जाने वाले रुद्रपुर के बस टर्मिनल के निकट महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता, और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्थापित पिंक टॉयलेट एक अरसे से बंद पड़ा है। जिसके चलते रुद्रपुर बस स्टैंड आकर अपने-अपने गंतव्य को बस पकड़ने वाली में महिला यात्रियों की अच्छी खासी फजीहत हो रही है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय बस टर्मिनल को अंतरराज्यीय स्वरूप देने के लिए रुद्रपुर बस स्टैंड को आजकल नए सिरे से सवारने की कवायद जारी है, जिसके तहत रुद्रपुर बस स्टैंड लगभग पूरी तरह तोड़फोड़ कर रख दिया गया है। गनीमत यह है कि इस तोड़फोड़ में बस स्टैंड के इकलौते शौचालय को फिलहाल बक्श दिया गया है, लेकिन वह इकलौता शौचालय भी जरूरत के समय महिलाओं का सहारा नहीं बन पा रहा है। वह



इसलिए, क्योंकि शौचालय के आसपास नशेड़ियों एवं संदिग्ध आवारा तत्वों का जमघट लगा रहने के कारण महिलाएं बस स्टैंड के शौचालय का इस्तेमाल करने से आमतौर पर कतराती है। इसके अलावा उपरोक्त शौचालय गंदा रहने के साथ-साथ सुबह के समय देर से भी खुलता है, जिसके चलते महिला यात्रियों को कभी-कभी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अब से कुछ अरसा पहले तक बस स्टैंड के निकट ही पिंक टॉयलेट व्यवस्थित रूप से चल रहा था, जिससे महिला यात्रियों को काफी सहूलियत रहती थी, लेकिन इनदिनों पिंक टॉयलेट में भी नियमित रूप से ताला लटका रहता है। ऐसे में महिला यात्रियों को स्नान एवं शौच इत्यादि दैनिक जरूरत को पूरा करने के लिए कई दफा असहज परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ता है। सुबह के समय कई बार तो महिला यात्रियों को मजबूरी में गांधी पार्क की शरण लेनी पड़ती है। हालांकि नैनीताल रोड में गांधी पार्क के नुक्कड़ पर ही एक सार्वजनिक शौचालय है अवश्य, लेकिन वह भी सुबह सात बजे के बाद ही खुलता है। मजे की बात तो यह है कि कुछ समय पहले गांधी पार्क के सामने नगर निगम द्वारा रखवाए गए चलित शौचालय भी इनदिनों मौके से लापता हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा की मातृशक्ति की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए कुछ भी कर गुजरने के भारी भरकम दावे करने वाले शासन और प्रशासन को मातृशक्ति की इस अहम जरूरत का तनिक भी ख्याल नहीं है।














# भाविप की कार्यशाला में संस्कार युक्त सेवा पर किया मंथन

## क्षेत्रीय कार्यशाला में बड़े प्रोजेक्ट्स और वित्तीय अनुशासन पर दिया गया जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद उत्तर मध्य क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यशाला 11 व 12 अप्रैल को होटल आर्क में संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील खेड़ा व राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने भाग लिया। इसके साथ ही सभी आठ प्रांतों के कुल 124 सदस्यों ने प्रतिभागी के रूप में प्रतिभाग किया। दो दिवसीय कार्यशाला में इस विषय पर चर्चा वार्ता हुई कि किस प्रकार समाज में संस्कार युक्त सेवा को बढ़ाया जाए और बड़े नगरों में जिनकी संख्या ज्यादा है वहां पर बड़े प्रोजेक्ट खोले जाएं जिससे अधिक से अधिक लोगों को सेवा का लाभ मिल सके।इस विषय पर बोलते हुए सुनील खेड़ा ने कहा कि हमारी सबसे छोटी इकाई शाखा है लेकिन वह हमारी मूल इकाई है। हमारी मूल इकाई अगर ठीक प्रकार से काम करेगी तो सारा परिषद और सारा समाज लाभान्वित होगा। गजेंद्र सिंह संधू ने कहा कि किसी भी संस्था में कार्य करने वाले कार्यकर्ता अगर स्वयं संस्कारित हैं तो उनके आसपास का समाज भी स्वयं संस्कारित हो जाएगा। दिल्ली से आए राष्ट्रीय वित्त मंत्री संजीव मिगलानी ने कहा कि हमें खर्चे में पारदर्शिता रखनी चाहिए और प्रत्येक शाखा को और प्रांत को अपनी बैलेंस शीट हर साल बनानी चाहिए एवं प्रत्येक शाखा एवं प्रांत को सभी खर्च का पेमेंट चेक के माध्यम से करना चाहिए।जेआर भट्ट ने पर्यावरण बचाने पर अपना विषय रखा। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया और मंच का संचालन क्षेत्रीय महासचिव राजीव गोयल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र अरोड़ा के द्वारा प्रेषित किया गया। इस अवसर पर केशव दत्त गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, पवन गौतम, इंदु वार्ष्णेय, राहुल गर्ग, राजेश पालीवाल, सत्येंद्र मित्तल,भगवान सहाय, मनोज अरोरा, दीपक अरोरा, वीके सक्सेना, हरिश शर्मा,अमित गंभीर,आनंद अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, राजेश सलूजा, विपिन लूथरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वार्ता नाकाम, जंग जारी रहेगी

अमरीका-ईरान की शांति-वार्ता नाकाम और बेनतीजा रही। यही इसकी नियति थी। हालांकि बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक प्रयास किया गया था कि दोनों दुश्मन देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे, तीन चरण की बातचीत 21 घंटे चली, लेकिन जिद और अमरीका की 'लठैतबाजी' के कारण वार्ता विफल रही। सितंबर, 2013 के बाद यह दूसरा मौका था, जब अमरीका और ईरान के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे और संवाद किया। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी को आमंत्रित किया था। तब भी बुनियादी मुद्दा परमाणु कार्यक्रम का था। तत्कालीन अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी और ईरानी समकक्ष मुहम्मद जावेद जरीफ के दरमियान बातचीत हुई थी, नतीजतन 2015 में 'परमाणु करार' हुआ था। बेशक बाद में उसे रद्द कर दिया गया। इस बार अमरीका यह चाहता था कि ईरान का करीब 450 किग्रा. सर्वर्धित यूरेनियम नष्ट किया जाए अथवा अमरीका को अपने देश ले जाने दिया जाए। इस पर समझौता कैसे संभव था? ईरान ने परमाणु कार्यक्रम छोडने से ही साफ इंकार कर दिया। हालांकि परमाणु बम बनाने की रणनीति अभी स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता रूस का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बना चुका है। यह बेहद खौफनाक और विध्वंसकारी खबर है, लेकिन हमें ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की घोषणा का इंतजार करना चाहिए। अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परमाणु मुद्दे पर ईरान के अड़े रहने पर ही शांति-वार्ता की नाकामी की घोषणा की और प्रतिनिधिमंडल समेत सुबह 7.35 बजे ही वॉशिंगटन लौट गए। ईरान पक्ष का दावा है कि 2-3 मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। अमरीका को बातचीत से निकलने और दोबारा युद्ध छेडने का बहाना चाहिए था, लिहाजा उसने वार्ता को विफल करार दे दिया। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि निकट भविष्य में फिर वार्ता शुरू करने की कोई योजना नहीं है। अब गेंद अमरीका के पाले में है। ईरान ने यह भी कहा कि होर्मुज पर पेंच फंसा रहा। वहां अब भी ईरान का नियंत्रण रहेगा और अमरीका-इजरायल के जहाज वहां से गुजर नहीं पाएंगे। ईरान की फ्रीज संपत्तियों और पाबंदियों पर अमरीका ने कोई बातचीत ही नहीं की। गौरतलब है कि अमरीका ने ईरान पर 711 पाबंदियां थोप रखी हैं और ईरान की 11 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ ने जब्त कर रखी हैं। एक बयान यह भी है कि ईरान 93 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियों को जारी करने की मांग कर रहा है। उसकी अरबों की संपत्तियां जापान और चीन की जब्ती में भी हैं। दरअसल गंभीर और मौजू सवाल यह है कि क्या अमरीका ईरान पर नए सिरे से युद्ध थोपेगा? राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि अमरीका में ही उनकी लोकप्रियता काफी नीचे आ गई है। सीनेट और कांग्रेस (संसद) के 67 सांसदों ने मांग की है कि राष्ट्रपति ट्रंप को पद से हटाया जाए। यह मांग महाभियोग में तबदील हो सकती है। अमरीका में ही पेट्रोल आदि के दाम 35 फीसदी बढ़ गए हैं, जो अभूतपूर्व हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप के पास युद्ध का ही विकल्प शेष है? होर्मुज अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है। उसके बंद रहने से 1.5 करोड़ बैरल तेल हररोज आवाजाही नहीं कर पाता है। करीब 9 करोड़ टन सालाना कतर और संयुक्त अरब अमीरात की एलएनजी का निर्यात इसी रास्ते से होता था, वह भी प्रभावित है। युद्ध के कारण इन देशों ने उत्पादन ही लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों में एलएनजी के संयंत्रों की भारी तबाही हुई है। भारत के भी 14-15 जहाज, टैंकर अभी होर्मुज पर फंसे हैं। भारत में गैस का ऐसा संकट है कि लोग फिर से कोयले की अंगीठी या मिट्टी के तेल के स्टोव पर आ रहे हैं। बाजार में उनके दाम भी कई गुना कर दिए गए हैं। होर्मुज बंद रहेगा, तो भारत कब तक ऊर्जा-संकट, गैस-संकट और खाद्य-संकट को टाल सकता है? क्या अमरीका को यूरेनियम ही दिखाई देता है? युद्ध के कारण जो 30 लाख ईरानी विस्थापित हो गए, करीब 1 लाख घर ध्वस्त हो गए, ईरान कब्रिस्तान-सा बन गया, करीब 140-145 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है, क्या ट्रंप को उनकी चिंता नहीं है?

# ऑनलाइन संगोष्ठी में डॉ. अंबेडकर के मिशन पर हुई चर्चा

### विभिन्न महाविद्यालयों के प्रवक्ताओं ने दी डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में 'डॉ. भीमराव अंबेडकर की दृष्टि कल्पना और अधूरा मिशन' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बौद्धिक विमर्श में राजकीय महा विद्यालय किच्छा, राजकीय महाविद्यालय बलुआकोट और राजकीय महाविद्यालय सतपुली के तमाम वक्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से शिरकत कर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ महाविद्यालय सतपुली के प्राचार्य प्रोफेसर संजय कुमार के अध्यक्षीय संबोधन के साथ हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य संजय कुमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े विशेष पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानव समाज के विकास के लिए एक मानवीय प्रतिबिंब हैं और उनके द्वारा दी गई शिक्षा आज भी समस्त मानव कल्याण के लिए सटीक मार्गदर्शन करती है। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास प्रोफेसर अजीत कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अत्यंत कठिन और विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक स्तर पर व्यापक परिवर्तन लाने हेतु आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने प्रत्येक वर्ग, जाति, धर्म और लिंग के लोगों के बीच सौहार्द स्थापित करते हुए राष्ट्र को एक दूरगामी दृष्टिकोण दिया। वहीं पुणे के इतिहास प्रोफेसर लाहू गायकवाड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का दर्शन वर्तमान में भारत सहित दुनिया भर में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और विषमता के समावेशी समाधान का मुख्य आधार है। उन्होंने जोर दिया कि डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं को नई पीढ़ी तक सारगर्भित रूप से पहुंचाना अनिवार्य है, तभी विश्व का वास्तविक कल्याण संभव है।इस अवसर पर महाविद्यालय बलुआकोट के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष वर्मा ने भी डॉ. अंबेडकर के शिक्षा से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के समापन संबोधन में राजकीय महाविद्यालय किच्छा के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव रतन ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजित संगोष्ठी की सार्थकता को समाज में चरितार्थ करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. प्रकाश चंद्र भट्ट, डॉ. पूर्णिया, डॉ. दीप्ति और डॉ. संदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संगोष्ठी के अंत में सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



# कांटे काँटा न रहा.. भक्ति और श्रद्धा में फूल बन गया

### प्राचीन मंदिर में भव्य मेले का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में टेका मत्था

शक्तिफार्म। पवित्र चैत्र माह में शक्तिफार्म क्षेत्र पूरी तरह शिवभक्ति में डूबा नजर आ रहा है। मंदिरों की घंटियों की गूंज, भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियां और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को शिवमय बना दिया है। इसी क्रम में सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम और बैकुंठपुर के प्राचीन शिवालय में आयोजित देल पूजा एवं कांटा झाप की अद्भुत परंपरा ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह अनुष्ठान केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या और साहस का अद्वितीय संगम है। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शिव भक्त खजूर के ऊंचे वृक्ष पर चढ़कर उसके नुकीले और कठोर कांटों पर नृत्य करते हैं। कांटों से भरे इस कठिन मार्ग पर जब भक्त थिरकते हैं, तो यह दृश्य सामान्य जनमानस के लिए आश्चर्य चकित कर देने वाला होता है। आश्चर्य की बात यह है कि जहां कांटे पीड़ा का प्रतीक माने जाते हैं, वहीं इन भक्तों के लिए वही कांटे भक्ति और विश्वास के फूल बन जाते हैं। उनके चेहरों पर दर्द नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, अटूट श्रद्धा और भगवान शिव के प्रति पूर्ण समर्पण की झलक साफ दिखाई देती है। मान्यता है कि यह कठोर साधना भगवान शिव को प्रसन्न करने का एक प्रभावी माध्यम है। शिव को तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक मानते हुए भक्त अपने शरीर की पीड़ा को त्यागकर इस अनुष्ठान को पूर्ण श्रद्धा के साथ निभाते हैं। उनका विश्वास है कि सच्चे मन से की गई यह साधना हर मनोकामना को पूर्ण करती है और जीवन के कष्टों का निवारण करती है। कांटा झाप को आत्मशुद्धि और बुराइयों पर विजय का प्रतीक भी माना जाता है। कांटों पर नृत्य कर भक्त यह संदेश देते हैं कि जीवन के कठिन से कठिन रास्ते भी विश्वास, धैर्य और साहस के बल पर पार किए जा सकते हैं। देल पूजा के दौरान दिनभर व्रत, हवन, भजन-कीर्तन और शिव आराधना का क्रम चलता है। जैसे ही कांटा झाप की शुरुआत होती है, वैसे ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए उमड़ पड़ती है। पूरा क्षेत्र "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठता है। यह परंपरा जहां गहरी आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, वहीं समाज में एकता, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाती है। हालांकि यह अनुष्ठान अत्यंत कठिन और जोखिम भरा होता है, जिसे केवल अनुभवी और संकल्पित साधक ही पूर्ण निष्ठा के साथ संपन्न करते हैं।



# समय पर पहचान और आधुनिक उपचार से संभव है ब्रेन ट्यूमर का इलाज

### सिरदर्द, दौरे और दृष्टि दोष जैसे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, विशेषज्ञ से लें सलाह

रुद्रपुर। ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क या खोपड़ी के अंदर कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि को कहा जाता है, जो अनियंत्रित सेल डिवीजन के कारण विकसित होती है। यह ट्यूमर सीधे मस्तिष्क में उत्पन्न हो सकता है या शरीर के किसी अन्य हिस्से से फैलकर भी दिमाग तक पहुंच सकता है। ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों जैसे ब्रेन टिश्यू, ब्लड वेसल्स, क्रेनियल नर्व्स और पिट्यूटरी ग्लैंड को प्रभावित कर सकता है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के न्यूरोसर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. कपिल जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर कई प्रकार के होते हैं। बेनाइन यानी गैर कैंसरस ट्यूमर कैंसर नहीं होते, लेकिन यदि ये मस्तिष्क के महत्वपूर्ण हिस्सों के पास हों, तो इनका सावधानीपूर्वक मूल्यांकन आवश्यक है। वहीं मैलिग्नेंट यानी कैंसरस ट्यूमर अधिक गंभीर होते हैं। ट्यूमर का आकार, प्रकार और लोकेशन उपचार तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेटास्टेटिक ब्रेन ट्यूमर वह होता है, जो फेफड़े, स्तन या किडनी जैसे अंगों से फैलकर मस्तिष्क तक पहुंचता है। रेडिएशन के संपर्क में आना, जेनेटिक बीमारियां और कमजोर इम्यून सिस्टम इसके मुख्य रिस्क फैक्टर्स हैं। डॉ. कपिल के अनुसार ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों में बार-बार सिरदर्द, उल्टी, दौरे पड़ना, नजर की समस्याएं, सुनने में कमी और चक्कर आना शामिल हैं। इसके अलावा शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी, याददाश्त में कमी और व्यवहार में बदलाव जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज में इसके इलाज के लिए कई आधुनिक विकल्प उपलब्ध हैं। ट्यूमर की स्थिति के अनुसार एंडोस्कोपिक सर्जरी, स्टीरियोटैक्टिक बायोप्सी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी का उपयोग किया जाता है। कुछ मामलों में दवाओं के जरिए दिमाग की सूजन कम करने और दौरे रोकने का प्रयास किया जाता है। समय पर पहचान के लिए एमआरआई और सिटी स्कैन जैसी जांचें बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनावश्यक रेडिएशन से बचकर और सुरक्षा उपायों का पालन कर इसके जोखिम को कम किया जा सकता है।



# सन्यासियों के नगर भ्रमण से शिवमय हुआ शक्तिफार्म

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।पवित्र चौत्र मास के आध्यात्मिक वातावरण में शनिवार को पूरा क्षेत्र भक्ति, तप और त्याग की दिव्य ऊर्जा से आलोकित हो उठा। भगवा वस्त्रधारी संन्यासियों ने प्राचीन परंपरा बाजार संन्यास का निर्वहन करते हुए नगर में भ्रमण किया, जिससे पूरा वातावरण हर हर महादेव के जयघोष से गूंजायमान हो गया। श्रद्धा और साधना के इस विशेष अनुष्ठान के अंतर्गत संन्यासियों ने घर घर एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर भिक्षाटन किया, जिसे धर्म और सेवा का प्रतीक माना जाता है। यह परंपरा न केवल त्याग का संदेश देती



है, बल्कि समाज में करुणा, सहयोग और आध्यात्मिक जागरूकता का भी संचार करती है। नगर भ्रमण के उपरांत सभी संन्यासी क्षेत्र के पावन तारकेश्वर धाम सहित विभिन्न शिवालयों में एकत्रित हुए, जहां विधि विधान से महाअभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना संपन्न की गई। इस दौरान भक्तों की आस्था अपने चरम पर रही और संपूर्ण क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चौत्र मास में किया जाने वाला बाजार संन्यास आत्मशुद्धि, तप और पूर्ण समर्पण का प्रतीक होता है। इस पावन काल में संन्यासी कठोर साधना के माध्यम से स्वयं को शिव तत्व में विलीन करने का प्रयास करते हैं, जो समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत माना गया है। इस दिव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सनातन परंपराएं आज भी समाज को आध्यात्मिकता और उच्च संस्कारों की ओर निरंतर अग्रसर कर रही हैं। अनुष्ठान के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय भक्तों एवं स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति पर विनय रुहेला ने अफसरों संग की समीक्षा

जसपुर (उद संवाददाता)। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यों की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट जानी। उन्होंने कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए। रविवार को जसपुर पहुंचे विनय रुहेला का जनप्रतिनिधियों और जनता ने स्वागत किया। रुहेला ने अपने आवास विकास कार्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिवक्ताओं के चेंबरों का निर्माण, कटारमल देवता के सौंदर्यीकरण, भोगपुर डाम स्थित तीर्थ नगर मंदिर का सौंदर्यीकरण, दादूवाला झील का निर्माण, वन विभाग द्वारा अमृतपुर में बनाए जाने वाले पार्क और वीआईपी कॉलोनी की सड़कों के निर्माण की जानकारी ली। विनय रुहेला ने कहा कि जसपुर सीवर लाइन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। काशीपुर धामपुर रेललाइन का फाइनल सर्वे हो चुका है। उन्होंने बताया कि रोडवेज बस अड्डे की समस्या का कोई समाधान शीघ्र निकाला जाएगा। बैठक में बीडीओ केके कांडपाल, एडीओ पंचायत सुखलाल राणा, हाजी राशिद और ललित कुमार उपस्थित रहे।



# नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकारी स्कूल के बच्चों संग मनाया जन्मदिन

गदरपुर (उद संवाददाता)। समाज में सकारात्मक संदेश देने का एक सराहनीय उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोड़ा ने अपना जन्मदिन खास और यादगार तरीके से मनाया। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर गदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आर्य नगर एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामजीवनपुर नंबर दो में अध्ययनरत छोटे छोटे बच्चों के बीच किताब, कॉपी, पेंसिल और रबर की किट वितरित की। इस अवसर पर सिद्धार्थ अरोड़ा के साथ उनकी माता एवं पत्नी भी मौजूद रहीं। तीनों ने मिलकर बच्चों को अपने हाथों से उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। सिद्धार्थ अरोड़ा ने बताया कि इस तरह जन्मदिन मनाने से उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे उनका बचपन फिर से लौट आया हो। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की इच्छा थी कि इस खास दिन पर बच्चों के लिए कुछ अच्छा किया जाए, इसी सोच के साथ उन्होंने यह पहल की। इस सराहनीय कार्य से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है कि खुशियों के अवसर पर जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटना सबसे बड़ी सेवा है। स्थानीय लोगों ने भी सिद्धार्थ अरोड़ा के इस कदम की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।



# वुडबॉल टीम का चयन ट्रायल कल

रूद्रपुर। वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से प्रदेश की सीनियर व जूनियर महिला–पुरुष टीम के चयन को लेकर दूसरे चरण का ट्रायल 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल सुबह 10 बजे लायन क्रिकेट अकादमी में होगा। चयनित खिलाड़ी 14 से 17 मई तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित 20 वीं सीनियर महिला–पुरुष और 14वीं जूनियर बालक–बालिका वुडबॉल चैंपियन शिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल में सीनियर वर्ग के साथ–साथ अंडर–19 जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।चयन समिति के समन्वयक डॉ. नागेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जूनियर वर्ग के लिए आयु सीमा निधारित की गई है जिसमें खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2007 से पूर्व नहीं होना चाहिए।

# सिक्स सिग्मा में मेधावियों ने दिखाया दमखम

## आरोहण छात्रवृत्ति परीक्षा में 6000 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग, , नेहा शर्मा रहीं प्रथम




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रूद्रपुर में बारहवीं आरोहण 2026 छात्रवृत्ति परीक्षा का भव्य और सफल आयोजन किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह पूरा कार्यक्रम जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पिछले तीन महीनों से निरंतर संचालित किया जा रहा था। इसके तहत रूद्रपुर, किच्छा, पंतनगर, हल्द्वानी, सितारगंज, बाजपुर एवं शक्तिफार्म क्षेत्र के लगभग 120 स्कूलों के करीब 6000 विद्यार्थियों के लिए परीक्षाओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। प्राथमिक चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित छात्र छात्राओं को अंतिम लिखित परीक्षा के लिए संस्थान परिसर में आमंत्रित किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के मनोरंजन और सामाजिक संदेश के लिए कॉलेज जीवन पर आधारित एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। समारोह के द्वितीय चरण में कक्षा 12वीं के लगभग 265 छात्र छात्राओं ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय से बेहतर प्रदर्शन करने वाले 30 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों में वाणिज्य विभाग श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज रूद्रपुर की छात्रा नेहा शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल दिनेशपुर के पीसीबी विभाग के छात्र हर्षित ने द्वितीय और ए के आई सी बाजपुर के पीसीएम विभाग की छात्रा पलक सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को क्रमश: 3100 रुपये, 2100 रुपये तथा 1100 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान में स्थापित काउंसलिंग डेस्क के माध्यम से छात्र छात्राओं को फार्मेसी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, कृषि, पैरामेडिकल तथा सिविल सेवाओं जैसे विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्राचार्य विवेक त्रिवेदी तथा रजत धवन ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सी ए शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी ए ओ अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, शिवम शर्मा, रोहित सिंह पडियार, सोनिया, डॉ सुप्रीत कौर, डॉ अक्षिता बांगा, साहिल छाबड़ा, कार्तिक हालदार, ललित भट्ट, मिली मण्डल सहित संस्थान के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्थान प्रबंधन ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# यूकेएफ नेता आयुष रावत पर भड़काऊ बयान देने के आरोप में मुकदमा दज

काशीपुर (उद संवाददाता)। पौड़ी गढ़वाल की भाजपा नेत्री ने काशीपुर के यूकेएफ नेता पर भड़काऊ बयान देने और जनता को गुमराह करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी बबीता रावत ने थाना प्रभारी पौड़ी को तहरीर देकर बताया कि यूकेएफ यूथ विंग के केंद्रीय पदाधिकारी और काशीपुर निवासी आयुष रावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। तहरीर के अनुसार, उक्त वीडियो में आयुष रावत ने उत्तराखंड में ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) की भर्ती के संबंध में भ्रामक और तथ्यहीन दावे किए हैं। वीडियो में आरोप लगाया गया है कि 80 में से 75 चयनित अभ्यर्थी हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से हैं, जो राज्य सरकार की अक्षमता है। आयुष रावत ने दावा किया कि सरकार जानबूझकर राज्य के युवाओं को रोजगार नहीं दे रही और उन्हें पलायन के लिए मजबूर कर रही है। बबीता रावत ने स्पष्ट किया कि वास्तविकता यह है कि जीडीएस की भर्ती केंद्र सरकार के अधीन इंडियन पोस्ट द्वारा की जाती है, जिसमें देश का कोई भी पात्र नागरिक आवेदन कर सकता है और इसमें राज्य सरकार का कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं होता। शिकायत में कहा गया है कि इस प्रकार की सामग्री विभिन्न राज्यों के लोगों के बीच वैमनस्य उत्पन्न कर सकती है और सामाजिक व राष्ट्रीय एकता को प्रभावित कर सकती है। इससे कानून व्यवस्था के लिए भी संकट पैदा हो सकता है। पौड़ी पुलिस द्वारा अग्रसारित तहरीर के आधार पर काशीपुर पुलिस ने आयुष रावत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कॉलेज बने इवेंट्स का अड्डा

भारत एक ऐसा देश है जिसकी संस्कृति,सभ्यता और सामाजिक मूल्यों को विश्व में सदैव मार्गदर्शक के रूप में देखा गया है। परंतु आज की स्थिति को देखकर यह प्रश्न उठता है कि क्या हम वास्तव में उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं?आज हम देख रहे हैं कि हमारे विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा के स्थान पर विभिन्न प्रकार के इवेंट्स का आयोजन अधिक होने लगा है। स्थिति यहाँ तक पहुँच चुकी है कि विद्यालय इवेंट के अड्डे बनते जा रहे हैं, और साल में जितनी बार विद्यालयों में परीक्षाएं नहीं होतीं, उससे अधिक बार इवेंट आयोजित किए जाते हैं।इन इवेंट्स का न तो भारतीय संस्कृति से कोई विशेष संबंध होता है और न ही वे विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। अक्सर इन कार्यक्रमों को बॉलीवुड से जोड़ दिया जाता है, जिसमें अनेक गायक और कलाकार बुलाए जाते हैं और मंच पर ऐसे गीत प्रस्तुत किए जाते हैं, जिनका शिक्षा से कोई संबंध नहीं होता।वह मंच, जहाँ से ज्ञान और संस्कारों का प्रसार होना चाहिए, आज केवल मनोरंजन का माध्यम बनता जा रहा है। जबकि यह सर्वविदित है कि भारत का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है। यदि हमें भारत को पुन: "विश्व गुरु" बनाना है, तो इसके लिए युवाओं का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। हमारे देश मे स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्व हुए हैं, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है।आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करें। हमें यह तय करना होगा कि हमें कैसी शिक्षा चाहिए–मनोरंजन प्रधान या मूल्य आधारित?हमें स्वयं जागरूक होकर ऐसे अनावश्यक आयोजनों को नकारना चाहिए और उनकी जगह वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए। यही कार्यक्रम हमें मजबूत बनाएंगे, हमारे समाज को सशक्त करेंगे और हमारे देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।



**अभिषेक भारत,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य,अभाविप**

# पेज एक का शेष...

**देश की संसद रचेगी.....** में इस अधिनियम के रूप में पहला कदम उठाया गया था। अब इसे समय से लागू करने और लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए बजट सत्र की विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि वह यहां किसी को उपदेश देने नहीं बल्कि देश की कोटि–कोटि माताओं और बहनों का आशीर्वाद लेने आए हैं ताकि संवाद, सहयोग और सहभागिता के साथ इस राष्ट्रीय अभियान को पूर्ण किया जा सके। आरक्षण की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं की भागीदारी का विमर्श चार दशकों से चल रहा है। 2023 में जब यह अधिनियम आया था, तब विपक्ष सहित सभी दलों ने इसे 2029 तक हर हाल में लागू करने पर जोर दिया था। सरकार की प्राथमिकता है कि सामूहिक प्रयासों से इसे समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि वर्तमान में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं देश का गौरव बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री ने महिला नेतृत्व की सफलता का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत की स्थानीय निकायों में 14 लाख से अधिक महिलाएं सक्रिय हैं और 21 राज्यों में पंचायतों में उनकी भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 से पहले करोड़ों महिलाओं ने बैंक का दरवाजा तक नहीं देखा था, लेकिन जनधन योजना के माध्यम से आज 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के पास अपने बैंक खाते हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सहभागिता बढ़ने से व्यवस्थाओं में संवेदनशीलता और पारदर्शिता और अधिक सुदृढ़ होगी। सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी देने का जो सपना देखा था, उसे मोदी सरकार ने कानून का रूप देकर साकार किया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि यह उस पुरानी व्यवस्था को बदलने की कोशिश है जिसने महिलाओं को वर्षों तक नीति निर्धारण से दूर रखा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत बेटी बढ़ाओ के युग में प्रवेश कर चुका है। गौरतलब है कि सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास (वीमेन–लेड डेवलपमेंट) को मजबूती देना है। इस ऐतिहासिक पहल से न केवल विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका में भी उनकी सक्रियता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार समेत देश की कई जानी–मानी महिलाएं और उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

**बीस हजार लोगों के मानवाधिकार....** फोटो के आधार पर लोगों को घरों से उठाकर ले जाना शुरू कर दिया गया। फिर सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर आई लव मौहम्मद मार्च में शामिल बच्चों तथा मार्च के बाद अपने घर जा रहे बच्चों, उन्हें देखने आये अन्य व्यक्तियों तथा राहीगीरों यहां तक दुकानदारों तथा उनके दुकान पर मौजूद ग्राहकों को मार्च में शामिल बताकर थाने व पुलिस चौकियों पर ले जाया गया तथा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार उनकी अवैध रूप से जमकर पिटाई की गयी। इतना ही नहीं जो बच्चा या बड़ा घर पर नहीं मिला उसके निकट सम्बन्धी को उठाकर ले जाया गया। पांच दिन होने पर भी इनमें से अधिकतर को अवैध रूप से बंदी बनाकर भूखा प्यासा रखा गया हैं तथा उनके परिवार के लोगों तथा उनकी पसंद के अधिवक्ताओं को भी मिलने नहीं दिया गया। इस मामले को तूल देते हुये दरोगा की पिटाई की घटना के लिये लोगों पर इल्जाम लगाते हुये पूरे अल्ली खां, व थानासाबिक क्षेत्र को टारगेट करते हुय थाना साबिक चुंगी से लेकर अल्ली खां, चौराहे तक के काशीपुर के यातायात के प्रमुख मार्ग अल्लीखां, मार्ग को बैरिकैट लगाकर बंद करके पुलिस के जवानों को बैठा दिया गया तथा दुकानों को बंद करा दिया गया। रात को 7 बजे से सुबह 7 बजे तक अघोषित कर्फ्यू लगा दिया गया दुकानों तथा लोगों को घरों से बाहर आने पर पाबंदी लगा दी गयी थी। इसके साथ इस क्षेत्र के घरों की जांच दस बारह लोगों की टीम घर–घर जाकर करायी गयी तथा बिजली के स्मार्ट मीटर लगाये गये तथा राशन कार्डों आदि की भी जांच करायी गयी है। साथ ही नगर निगम अधिकारियों के द्वारा बिना किसी नोटिस के नालियों, नाले तथा उन पर चढ़ने के लिये बनी पैरियों को बुल्डोजर से तोड़ दिया गया जिससे क्षेत्र में गंदगी हो गयी तथा बच्चे व महिलायें घरों से निकल नहीं पा रहे थे।

**संदिग्ध हालातों में युवती.....** किया। यह मैसेज युवक को असामान्य लगा और उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई। संदेह होने पर युवक ने तुरंत दिव्या को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। घबराकर युवक उसके घर पहुंचा तब परिजनों को घटना का पता चला। दिव्या कमरे में फंदे से लटकी हुई थी। आनन फानन में परिजन उसे हल्द्वानी बेस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि पिता के निधन के बाद से परिवार आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजर रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। एसआई कुमकुम धनिक ने बताया कि युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है तथा उसमें मौजूद चौट और कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल इस दुखद घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**ट्रेन की चपेट में आकर....** आने का समय हो चुका था। मृतक के सिर पर गहरी चोट आने से वह बेसुध हो चुका था। मृतक को निजी एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया और उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि मृतक घटनास्थल के आस पास ही किसी आवासीय कालोनी का निवासी हो सकता है।

**लाखों की स्मैक के ...** के बहाने फूलशुंगी निवासी आशु ठाकुर से स्मैक लेने आया था। वह इस नशे को फुटकर में बेचने का काम करता है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से बरामद मोबाइल और स्मैक को ड्रग डिटेक्शन किट से जांचने के बाद सील कर दिया। आरोपी के पास मौजूद होंडा शाइन मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीक्यू 1672 को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल संजय भट्ट, भुवन चन्द्र पाण्डे और विनोद खत्री शामिल रहे।

**उधार के रुपये मांगने पर....** के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी और संबंधित दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रधानमंत्री के दौरे से ....** हुए कहा कि आज उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में महिला अपराध के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए न्याय में हो रही देरी पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने पहाड़ के पानी और जवानी के नारे को खोखला बताते हुए कहा कि बेरोजगारी और पलायन ने राज्य की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस ने मांग की कि सरकार राज्य की वास्तविक स्थिति पर एक श्वेत पत्र जारी करे। आर्थिक स्थिति पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है और राज्य की अर्थव्यवस्था गर्त में है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार उत्तराखंड के पूरे कर्ज की प्रतिपूर्ति करे। इसके अलावा, उन्होंने प्रदेश में एलपीजी की भारी किल्लत का मुद्दा भी उठाया और प्रधानमंत्री से मांग की कि वे उत्तराखंड के लिए गैस कोटा पूरा करने की गारंटी दें। संगठनात्मक मोर्चे पर उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष के साथ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, अभिनव थापा, गरिमा दसौनी, कर्नल नेगी सहित कई प्रमुख कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कल होगा मोदी का 28वां उत्तराखंड दौरा, प्रदेश को मिलेगी बड़ी सौगातें

## सीएम धामी के कार्यकाल में 18वीं बार देवभूमि पहुंच रहे प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे और टिहरी पंप स्टोरेज संयंत्र का करेंगे लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मंगलवार को अपने 28वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढे चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा। इस ऐतिहासिक भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री दिल्ली –देहरादून एक्सप्रेस वे के साथ ही टिहरी में 1 हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरे प्रदेश में भारी उत्साह है और सरकार इस समारोह को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी है। मई 2014 में पदभार संभालने के बाद नरेंद्र मोदी 11 सितंबर 2015 को पहली बार उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने गुरु दयानंद गिरी से भेंट की थी। प्रधानमंत्री की केदारनाथ सहित उत्तराखंड के प्रमुख धामों के प्रति अटूट आस्था रही है। वह अब तक पांच बार केदारनाथ और बद्रीनाथ व मुखबा का भी दौरा कर चुके हैं। आपदा के बाद केदारनाथ के पुनर्निर्माण और सुरक्षित चारधाम यात्रा का संदेश देकर वह प्रदेश के पर्यटन के ब्रांड अम्बेसडर साबित हुए हैं। उनके प्रयासों से आदि कैलाश और शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में 2 लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतरी हैं। चारधाम ऑलवेदर रोड, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ व हेमकुंट साहिब रोपवे और दिल्ली- देहरादून एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं से राज्य में कनेक्टिविटी की क्रांति आई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने 27 दिसंबर 2016 को देहरादून में चारधाम सड़क परियोजना की नींव रखी थी। इसके बाद 18 मार्च 2017 को त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार के शपथ ग्रहण और 3 मई 2017 को केदारनाथ के कपाटोद्घाटन पर पूजा-अर्चना की। 20 अक्टूबर 2017 को वह पुनः केदारनाथ पहुंचे। 21 जून 2018 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एफआरआई देहरादून और 7 अक्टूबर 2018 को इन्वेस्टर्स समिट में शिरकत की। 7 नवंबर 2018 को केदारनाथ में दर्शन के बाद हर्षिल में सेना के जवानों के साथ दीवाली मनाई। 14 फरवरी 2019 को कार्बेट पार्क को रेस्क्यू सेंटर की सौगात दी। 18 मई 2019 को केदारनाथ की ध्यान गुफा में साधना की और अगले दिन बद्रीनाथ के दर्शन किए। पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में वह 17 बार आ चुके हैं, जिसमें 7 अक्टूबर 2021 को ऋषिकेश, 5 नवंबर 2021 को केदारनाथ, 4 दिसंबर 2021 को देहरादून, 30 दिसंबर 2021 को हल्द्वानी, फरवरी 2022 में श्रीनगर, अल्मोड़ा व रुद्रपुर की जनसभाएं, 23 मार्च 2022 को नई सरकार का शपथ ग्रहण, 21 अक्टूबर 2022 को माणा, 12 अक्टूबर 2023 को पिथौरागढ़, 8 दिसंबर 2023 को देहरादून ग्लोबल समिट, अप्रैल 2024 में रुद्रपुर व ऋषिकेश, 28 जनवरी 2025 को देहरादून, 6 मार्च 2025 को मुखबा, 11 सितंबर 2025 को आपदा प्रभावितों से भेंट और 9 नवंबर 2025 को राज्य स्थापना की रजत जयंती कार्यक्रम शामिल हैं। 213 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस वे 11,963 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता 12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे बड़ा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर है। इसमें हाथियों के लिए 2 अंडरपास और 6 अन्य एनिमल पास बनाए गए हैं। डाटकाली के पास 370 मीटर लंबी सुरंग और 6 लेन के इस कॉरिडोर से दिल्ली का सफर मात्र 2.5 घंटे में पूरा होगा। प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को टिहरी में टीएचडीसी द्वारा निर्मित 1000 मेगावाट क्षमता के वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। यह प्लांट टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।

# सीएम ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा


देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देहरादून में 14 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिगत गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड एवं मां डाट काली मंदिर तक सड़क मार्ग से स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं ताकि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को



किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने यातायात प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना तैयार करने एवं आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जसवंत ग्राउंड में मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पार्टी पदाधिकारी, सचिव शैलेश बगौली, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून प्रमेन्द्र डोभाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

रुद्रपुर। रम्पुरा क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक राय होकर एक युवक को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से लात घूसों, डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वार्ड नंबर 24 रम्पुरा निवासी रूमा पत्नी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अप्रैल की शाम करीब 4.30 बजे उसका पुत्र चौरसी घंटा मंदिर के पास था। इसी दौरान रम्पुरा निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू, राजू पुत्रगण जागन, रंजीत पुत्र जगदीश, जितेन्द्र पुत्र बादाम सिंह और सचिन पुत्र कुंवर पाल ने उसके पुत्र को घेर लिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पुत्र पर डंडों और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर मौजूद विशाल पुत्र पनमेश्वरी और कान्ती पत्नी पनमेश्वरी सहित अन्य लोगों ने बीच बचाव कर युवक की जान बचाई।गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया। वर्तमान में घायल का उपचार किच्छा रोड स्थित गौतम अस्पताल में चल रहा है। प्रार्थिनी का आरोप है कि आरोपी शातिर किस्म के व्यक्ति हैं और उन्होंने उसके पुत्र की हत्या के इरादे से यह हमला किया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संतोष कुमार द्वारा की जा रही है।



# दिनदहाड़े घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

शक्तिफार्म।क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला शक्तिफार्म के जयनगर पिपलिया क्षेत्र से सामने आया है जहां अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े एक घर की मिट्टी की दीवार तोड़कर लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जय नगर पिपलिया निवासी सत्यजीत बैरागी रविवार को अपने परिवार के साथ पास के गांव निर्मलनगर में दादी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वह वापस घर लौटे तो घर की बाहरी दीवार टूटी हुई देख उनके होश उड़ गए। दीवार मिट्टी और भूसे से बनी होने के कारण चोर ने आसानी से उसे तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। संदेह होने पर



जब उन्होंने घर का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है और कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। चोर घर में रखे कीमती जेवरात और नकदी लेकर फरार हो चुका था। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सामान में आठ सोने की लॉन्ग, पांच जोड़ी कान की बालियां, एक सोने का झुमका, तीन चांदी की पायल तथा लगभग 50 हजार की नकदी शामिल है। कुल नुकसान करीब डेढ़ लाख रुपये आंका जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# भास्कर सम्मल बने जिला पंचायत सदस्य संगठन के अध्यक्ष

रुद्रपुर।जिला पंचायत सदस्य संगठन की एक बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य संगठन के जिला अध्यक्ष के रूप में भास्कर सम्मल (जिला पंचायत सदस्य 13 ऐचता) को सर्व सम्मति से जिला प्रधान संगठन का जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही उधम सिंह नगर जनपद की जिला पंचायत सदस्य संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरदास कालरा, संरक्षक सूरज नारायण, महिला अध्यक्ष शिल्पी सिंह, सचिव सुषमा हालदार, सदफ मलिक, जिला महामंत्री रुक्मणी, मोहम्मद हसन, जिला सचिव प्रेम प्रकाश चुने गए। नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने बताया कि जिला योजना समिति के मेंबरों का चुनाव शीघ्र कराया जाए। जिला पंचायत में विकास कार्यों में जो 2.50 लाख तक के कार्य कोटेशन के माध्यम से किया जा रहे हैं उसे राशि को बढ़ाकर 5 लाख किया जाए। जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण 10 वर्ष तय किया जाए, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पंचायत कल्याण कोष का गठन उत्तराखंड में किया जाए, जिला पंचायत निधि निर्धारित की जाए, निर्विरोध जिला पंचायत बनने पर उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 15 लाख प्रोत्साहन राशि दी जाए, जिला पंचायत सदस्यों को प्रति बैठक के दिए जाने वाले यात्रा भत्ता की बजाय हिमाचल की तर्ज पर 8300 प्रति माह मानदेय दिया जाए। बैठक में जिला पंचायत सदस्य नईम, सुखदेव हालदार, शिल्पी खेड़ा, दीपा, प्रेम प्रकाश आर्य,मधु राणा,सूर्य नारायण, आशा देवी, सीमा कौर, जितेंद्र शर्मा आदि थे।

